आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 29.12.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– मनरेगा की कमियों को दूर करेगा 'विकसित भारत– जी राम जी' कानून।
- केंद्रीय कृषि मंत्री ने नैनीताल के मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट सेंटर की स्थापना की घोषणा की।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अमृत पीढ़ी के युवाओं से एआई के नैतिक और समाजोपयोगी उपयोग से उत्तराखण्ड की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार करने का आह्वान किया।
- **और,** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तरुण प्रसाद चकमा को एंजेल की हत्या में शामिल आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

**राज्य स्तरीय किसान दिवस**–1

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा में मौजूद कमियों और विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार नया कानून 'विकसित भारत– जी राम जी' लेकर आई है।

उत्तराखंड के गौचर में आयोजित 'राज्य स्तरीय किसान दिवस–2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत जहां पहले 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान था, वहीं नए कानून के तहत इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के फलों, सब्जियों और जड़ी–बूटियों को देश और विदेश के बाजारों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के फलदार पौधे उपलब्ध कराने के लिए मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट सेंटर की स्थापना की जाएगी।

इससे पहले श्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आए किसानों से संवाद किया और उनके द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

**राज्य स्तरीय किसान दिवस**–2

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के गौचर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान दिवस कार्यक्रम में मौसम आधारित फसल बीमा

योजना के अंतर्गत 88 हजार किसानों को 65 करोड़ 12 लाख रुपये की बीमा राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान स्वाभिमान और परिश्रम के प्रतीक हैं, जिनकी समृद्धि से ही देश की समृद्धि संभव है।

## राज्यपाल

राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने अमृत पीढ़ी के युवाओं से आह्वान किया कि वे एआई का नैतिक, मानवीय और समाजोपयोगी उपयोग करते हुए उत्तराखण्ड की भौगोलिक चुनौतियों और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार–आधारित कार्य करें।

उन्होंने आज ये बात देहरादून स्थित दून विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इसे अमृत पीढ़ी के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का उत्सव बताया। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष दीक्षांत समारोह की विषयवस्तु को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित किया, जिस पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने तकनीक और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संदर्भ में कहा कि वर्तमान समय का यह एक सशक्त माध्यम है, जो शिक्षा, अनुसंधान और कार्यशैली को नई दिशा दे रहा है। राज्यपाल ने BharatGen जैसी स्वदेशी एआई पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करने से तकनीक वास्तव में जन–जन तक पहुँचती है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के 42 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री फोन वार्ता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा के पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बात कर, एंजेल की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने उन्हें बताया कि मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी के नेपाल भागने की आशंका है, उस पर इनाम घोषित करते हुए उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। श्री धामी ने घटना के बाद त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी इस संबंध में बात की है।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि भारत सरकार के प्रगति पोर्टल की तर्ज पर प्रदेश में भी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। ये जानकारी उन्होंने आज देहरादून सचिवालय में पीएम प्रगति के अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा के दौरान दी। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक माह का एक दिन निर्धारित कर

राज्य और केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप एवं अत्यंत महत्त्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने आगामी जनवरी में स्टेट प्रगति की प्रथम बैठक आयोजित करने को कहा।

उन्होंने पीएमश्री योजना के तहत चिन्हित स्कूलों में कम्प्यूटर/सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (आईसीटी लैब), स्मार्ट क्लासेस, लाईब्रेरी सहित अन्य व्यवस्था शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अटल टिंकरिंग लैब की तर्ज पर स्टेट फंड से भी विद्यालयों में टिंकरिंग लैब तैयार करने पर जोर दिया।

इसके अलावा जिन प्राथमिक विद्यालयों में अपना खेल का मैदान उपलब्ध नहीं है, उनके लिए आस पास खेल के मैदान की व्यवस्था करने को कहा।

## प्रशिक्षण

उत्तरकाशी जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के बाल सखा प्रभारी एवं सह–प्रभारी का चार दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन हो गया।

कार्यक्रम में डायट बड़कोट के प्राचार्य संजीव जोशी ने शिक्षकों को शिक्षा के उन्नयन के लिए कर्तव्यनिष्ठ और वरिष्ठ भाव से कार्य करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से 26 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण समन्वयक बृजेश कुमार मिश्रा ने बाल सखा प्रकोष्ठ की अवधारणा, उद्देश्य, कार्य और आधुनिक कौशलों पर संवादात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया।

## जनसुनवाई

हरिद्वार जिला कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 9 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। कार्यक्रम में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, अतिक्रमण व अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी.आर. चौहान एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेंद्र सिंह नेगी ने की।

## किसान दिवस–चंपावत

किसान दिवस पर प्रदेश भर में गोष्ठियों का आयोजन किया गया। वहीं इस अवसर पर चम्पावत जिले में भी जिला मुख्यालय समेत सभी विकास खण्डों में कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया।

इस अवसर पर जिले के मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं के निदान व कृषि की जानकारी देने के लिए किसान दिवस की शुरुआत की है।